| | |
|---|---|
| न इधर का होना न उधर का | किसी ओर का न रहना। किसी पक्ष में न रहना। किसी काम का न रहना। दो परस्पर विरुद्ध उद्देश्यों में से किसी एक का भी पूरा न होना। |
| न तीन में न तेरह में | नगण्य। सर्वथा उपेक्षित, जिसकी कहीं पूछ न हो। |
| नकतोड़े उठाना | अनुचित अभिमान सहना। नखरा बरदाश्त करना। |
| नकतोड़े तोड़ना | अत्यधिक और अनुचित नखरा करना। |
| नकसीर भी न फूटना | कुछ भी हानि न पहुंचना। ज़रा भी तकलीफ या हानि न होना। |
| नकाब उलटना | चेहरे पर से नकाब हटाना। मुंह पर से घूंघट हटाना। |
| नकुवन जीव आना | बहुत हैरान होना। ऊब उठना। |
| नकेल न मानना | आज्ञा न मानना। मनमानी उद्दंडता करना। |
| नकेल हाथ में होना | किसी पर सब प्रकार का अधिकार होना। किसी से बलपूर्वक मनमान काम करा लेने की शक्ति होना। किसी का पूर्णतया वश में होना। |
| नक्कारा बजा के | खुल्लमखुल्ला। डंके की चोट। |
| नक्कारा बजाते फिरना | डुगडुगी पीटते फिरना। चारों ओर प्रकट करते फिरना |
| नक्कारा हो जाना | फूलकर बहुत बढ़ाना। बहुत फूलना। |
| नक्कारे की चोट | खु खुल्लमखुल्ला। |
| नक्श बिगड़ना | अधिकार या प्रभाव न रह जाना। रंग उखड़ना। |
| नक्श बैठना | अधिकार जमना। रंग जमना। |
| नक्श बैठाना | अच्छी तरह अधिकार जमाना। रंग जमाना। |
| नक्श होना | किसी बात का अच्छी तरह मन में जम जाना। पूर्ण निश्चय हो जाना। अंकित हो जाना। |
| (आंखों के सामने) नक्शा खिंच जाना | किसी के सामने न रहने पर भी उसके रूप रंग आदि का ठीक ठीक ध्यान हो जाना। |
| नक्शा जमना | अत्यधिक प्रभाव होना। खूब चलती होना। |

| | |
|---|---|
| नक्शा जमाना | खूब प्रभाव डालना। रंग बांधना। |
| नक्शा तेज होना | अत्यधिक प्रभाव होना। खूब चलती होना। |
| नखरा बघारना | नखरा करना। |
| नखशिख तै | सिर से पैर तक। ऊपर से नीचे तक। उ०- हंसत देखि नख-सिख रिस व्यापी। रामा० । |
| नखास की घोड़ी | कसब कमाने वाली स्त्री। खानगी। (बाजारू) |
| नखास पर भेजना | बेचने के लिए बाजार भेजना। |
| नग बैठाना | नग जड़ना। |
| नगीना सा | बहुत छोटा और सुन्दर। |
| नक्षत्र की बात है | भाग्य का खेल है। |
| नक्षत्र बली होना | भाग्यवान होना। |
| नजर आना | दिखाई देना। दिखाई पड़ना। दृष्टिगोचर होना। उ०- नजर आता है कोई अपना न पराया मुझको। अमानत । |
| नजर उतारना | बुरी दृष्टि के प्रभाव को किसी मंत्र या युक्ति से हटा देना। |
| नजर करना | देखना। |
| नजर खा जाना | बुरी दृष्टि से प्रभावित हो जाना। |
| नजर खाना | बुरी दृष्टि से प्रभावित हो जाना। |
| नजर गुजारना | उपहार देना। अधीनता स्वीकार करना। |
| नजर जलाना | बुरी दृष्टि के प्रभाव को हटाना। |
| नजर झाड़ना | बुरी दृष्टि के प्रभाव को हटाना। |
| नजर पड़ना | दिखाई पड़ना। देखने में आना। |
| नजर पर चढ़ना | पसन्द आ जाना। भा जाना। भला मालूम होना। (किसी का) कोपभाजन होना। |
| नजर फिसलना | चमक या चकाचौंध के कारण किसी वस्तु पर दृष्टि का अच्छी तरह न जमना। |

| | |
|---|---|
| नजर फेंकना | दूर तक देखना। दृष्टि डालना। सरसरी नजर से देखना। |
| नजर बांधना | जादू या मंत्र आदि के जोर से किसी की दृष्टि में भ्रम उत्पन्न कर देना। कुछ का कुछ कर दिखाना। |
| नजर में आना | दिखाई पड़ना। दिखाई देना। |
| नजर में तौलना | देखकर किसी के गुण और दोष आदि की परीक्षा करना। |
| नजर रखना | कृपादृष्टि रखना। मेहरबानी करना। |
| नजर लगना | बुरी दृष्टि का असर होना। |
| नजर लगाना | बुरी दृष्टि का प्रभाव डालना। टोना करना। |
| नजात पाना | (किसी से) छुट्टी पाना। |
| नथना फुलाना | क्रोध करना। गुस्सा दिखलाना। |
| नथना फूलना | क्रोध आना। |
| नथुनी उतारना | कुमारी का कौमार नष्ट करना। कुमारी के साथ प्रथम समागम करना। बीरा उतारना। सिर ढंकाई करना। |
| नदी नाव संयोग | संयोग से थोड़ी देर के लिए होने वाली खुशी या साथ। |
| नन्हा कातना | बहुत सूक्ष्मांश में कुछ करना। |
| नन्हा सा | बहुत छोटा। |
| नब्ज चलना | नाड़ी में गति होना। |
| नब्ज छूटना | नाड़ी की गति रुक जाना। प्राण न रहना। |
| नब्ज टटोलना | भीतरी भेद या इरादा जानना। |
| नब्ज न रहना | नाड़ी की गति रुक जाना। नाड़ी में गति न रह जाना। प्राण न रहना। |
| नमक अदा करना | अपने पालक या स्वामी के उपकार का बदला चुकाना। मालिक के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करना। |
| नमक का सहारा | थोड़ा सहारा। थोड़ी सहायता। |

| | |
|---|---|
| (किसी का)नमक खाना | (किसी के द्वारा)पालित होना।(किसी का) दिया खाना।(किसी की)सेवा करके जीविका चलाना। |
| नमक फूटकर निकलना | नमकहरामी का कुफल मिलना।कृतघ्नता का दण्ड मिलना। |
| नमक मिर्च मिलाना | किसी बात को अधिक रोचक या प्रभावशाली बनाने के लिए उसमें अपनी ओर से भी कुछ और बढ़ा देना।किसी बात को बढ़ाकर कहना। |
| नमक से अदा होना | अपने पालक या स्वामी के उपकार का बदला चुकाना।मालिक के प्रति अपने कर्त्तव्य का पालन करना। |
| नमदा कसना | रोब या आतंक जमाना। |
| नमाज़ कज़ा होना | नियत समय पर नमाज़ न पढ़ा जा सकना। |
| नमाज़ गुजारना | ईश्वर की प्रार्थना करना। |
| नया करना | कोई नया फल या अनाज,मौसम में पहले खाना। कपड़ा आदि फाड़ या जला देना। |
| नया पुराना करना | पुराना हिसाब साफ करके नया हिसाब चलाना। पुराने को हटाकर उसके स्थान पर नया करना या रखना। |
| नरक धोना | मल मूत्रादि फेंकना। |
| नरक होना | नरक में भेजा जाना।नरक भोगने का दण्ड मिलना। |
| नरम पानी | ऐसे जलवायु,जिसमें उत्पन्न या पले मनुष्य मंद, ढीले बदन के और असहिष्णु हों। |
| नल टलना | पेशाब की नली में व्यतिक्रम होना। |
| नला टलना | पेशाब की नली में व्यतिक्रम होना। |
| नव सत सजना | सोलहों शृंगार करना। |
| नव सत सजाना | सोलहों शृंगार करना। |

| | |
|---|---|
| नवाबी करना | नवाबों की तरह शान-शौकत से रहना। |
| नशा उतरना | नशे का न रहना। मादक द्रव्य के प्रभाव का नष्ट हो जाना। घमंड दूर होना। |
| नशा उतारना | घमंड दूर करना। |
| नशा किरकिरा होना | किसी अप्रिय बात के कारण नशे का मजा जाता रहना। |
| नशा चढ़ना | नशा होना। मादक द्रव्य का प्रभाव होना। |
| नशा छाना | नशा चढ़ना। मस्ती चढ़ना। |
| नशा जमना | अच्छी तरह नशा होना। |
| नशा टूटना | नशा उतरना। |
| नशा हिरन होना | किसी सम्भावित घटना आदि के कारण नशे का बिलकुल उतर जाना। |
| नश्तर देना | नश्तर से फोड़ा चीरना। |
| नश्तर लगाना | नश्तर से फोड़े का चीरा जाना। |
| नस चढ़ना | अपने स्थान से हटने के कारण नस का तन जाना। |
| नस ढीली पड़ जाना | लिंगेन्द्रिय का शिथिल हो जाना। पुंसत्व की कमी हो जाना। |
| नस ढीली होना | तेजी या शेखी दूर होना। पहले की सी शान न रह जाना। |
| नस नस में | सारे शरीर में। सर्वांग में। |
| नस फड़क उठना | अत्यधिक प्रसन्नता होना। अति आनन्द होना। सारी देह में प्रसन्नता का संचार होना। |

| | |
|---|---|
| नस भड़कना | अपने स्थान सै हटने कै कारण नस का तन जाना |
| नसीब आजमाना | भाग्य कै भरोसे कोई काम करना। |
| नसीब खुल जाना | भाग्य का उदय होना। |
| नसीब चमकना | भाग्य का उदय होना। |
| नसीब जागना | भाग्य का उदय होना। |
| नसीब टेढ़ा होना | बुरे दिन आना।भाग्य का साथ न देना। |
| नसीब पलटना | अच्छे सै बुरा या बुरे से अच्छे दिन आना। |
| नसीब फूट जाना | भाग्य मंद होना। |
| नसीब मै लिखा होना | किस्मत मै बदा होना। |
| नसीब लड़ना | भाग्य का साथ देना। |
| नसीब सीधा होना | भाग्य का उदय होना। |
| नसीब सो जाना | किस्मत बिगड़ना। |
| नसीब होना | मिलना।प्राप्त होना। |
| नसैं ढीली करना | हौसला पस्त क रना।बल तोड़ देना। |

नसैं ढीली होना।हौसला पस्त होना।बल टूट जाना। हौसला पस्त होना।

| | |
|---|---|
| (सूखी)नसों मै रक्त दौड़ना | जोश या नया जीवन आना। |
| नहर काटना | नहर तैयार करना। |
| नहर खोदना | नहर तैयार करना। |
| नहाते बाल न खिसना | कुछ भी कष्ट या हानि न पहुंचना।उ०- नित उठि यही मनावति देवन न्हात खसै जनि बार। सूर । |
| नहार तोड़ना | जलपान करना। |
| नहार रहना | निराहार रहना।बिना कुछ खाये रहना। |
| नहीं तो | उस दशा मै जब कि यह बात न हो।इसके न होने की दशा मै। |

| | |
|---|---|
| नाक तक भरना | मुंह तक भरना(बरतन आदि को)। ठूंस ठूंस कर खाना। अत्यधिक खाना। |
| नाक न दी जाना | बहुत दुर्गन्ध आना। असह्य दुर्गन्ध मालूम होना। |
| नाक पकड़कर नाथना | बलपूर्वक वश मे करना। |
| नाक पकड़ते दम निकलना | अति शक्तिहीन होना। बहुत अशक्त होना। |
| (चाहे इधर से)नाक पकड़ो चाहे उधर से | हर पहलू से। हर तरह से। |
| नाक पर उंगली रखकर बात करना | औरतों की तरह बात करना। |
| नाक पर गुस्सा होना | बात बात पर क्रोध आना। चिड़चिड़ा स्वभाव होना। बहुत जल्दी क्रोध आना। |
| नाक पर दिया बाल कर आना | सफलता प्राप्त करके आना। मुख उज्वल करके आना। |
| नाक पर पहिया फिर जाना | नाक चिपटी होना। |
| नाक पर मक्खी न बैठने देना | बहुत ही खरी प्रकृति का होना। थोड़ा सा भी दोष या त्रुटि न सह सकना। बहुत साफ रहना। किसी का थोड़ा निहोरा भी न लेना। अभिमान के कारण किसी के सामने न दबना। |
| नाक पर रख देना | तुरन्त सामने रख देना। मांगने के साथ ही देना। या अदा कर देना। |
| (किसी की)नाक पर सुपारी तोड़ना | खूब तंग करना। |
| नाक फटने लगना | असह्य दुर्गन्ध आना। |
| नाक बहना | नाक मे से कपाल कोशों का मल निकलना। |
| नाक बींधना | नथनी आदि पहनाने के लिए नाक मे छेद करना। |
| नाक बैठना | नाक का चिपटा होना। |
| नाक भौं चढ़ाना | अरुचि और अप्रसन्नता प्रकट करना। घिनाना और चिढ़ना। नापसन्द करना। क्रोध प्रकट करना। |
| नाक मे दम करना | खूब तंग करना। बहुत हैरान करना। बहुत सताना। |

| | |
|---|---|
| नाक भौं सिकोड़ना | अरूचि और अप्रसन्नता प्रकट करना। घिनाना और चिढ़ना। नापसन्द करना। क्रोध प्रकट करना। |
| नाक में दम करना | खूब तंग करना। बहुत हैरान करना। बहुत सताना। |
| नाक मारना | घृणा प्रकट करना। घिन करना। नापसन्द करना। हैरान करना। |
| नाक में तीर करना | खूब तंग करना। बहुत सताना या हैरान करना। |
| नाक में तीर डालना | खूब तंग करना। बहुत सताना या हैरान करना। |
| नाक में तीर होना | बहुत हैरान होना। बहुत सताया जाना। |
| नाक में दम आना | बहुत तंग या परेशान होना। अत्यन्त दुखी होना। |
| नाक में दम करना | खूब तंग करना। बहुत हैरान करना। बहुत सताना। |
| नाक में बोलना | नासिका से स्वर निकालना। नकियाना। |
| नाक रख लेना | प्रतिष्ठा की रक्षा कर लेना। इज्जत बचाना। |
| नाक रगड़ना | बहुत गिड़गिड़ाना और विनती करना। मिन्नत करना। दीनता प्रकट करना। |
| नाक रगड़े का बच्चा | वह बच्चा जो देवताओं की बहुत मनौती पर हुआ हो। |
| नाक लगाकर बैठना | बहुत प्रतिष्ठावाला बनकर बैठना। बड़ा इज्जतवाला बनना। |
| नाक सिकोड़ना | अरूचि या घृणा प्रकट करना। घिनाना। उ०- सुनि अघ नरकहु नाक सिकोरी। तुलसी । |
| नाका छेंकना | आने-जाने का मार्ग रोकना। |
| नाकों आना | आजिज आना। परेशान होना। |
| नाकों चने चबवाना | बहुत तंग करना। बहुत हैरान करना। |
| नाकों चने चबाना | बहुत हैरान होना। |
| नाकों दम आना | हैरान होना। बहुत तंग होना। उ०- नाक बनावत आयो हौं नाकहि नाहीं पिनाकिहि नेकु निहोर । तुलसी । |

| | |
|---|---|
| नाखून नीले होना | मरने का लक्षण दिखाई पड़ना। मृत्यु के चिन्ह प्रकट होना। |
| नाखून लेना | नाखून काट कर अलग करना। घोड़े का ठोकर खान |
| नाग फूंकना | धातु फूंकना। |
| नाग से खेलना | ऐसा कार्य करना जिसमें प्राण जाने का भय हो। खतरे का काम करना। |
| नागा देना | बीच डालना। अन्तर डालना। |
| नाच काछना | नाचने के लिए तैयार होना। नाचने को उद्यत होन। उ०- मैं अपनो मन हरि सों जोरयो। ---- नाच कछयो घूंघट छोरयो तब लोकलाज सब फटक पछोरयो। सूर। |
| नाच दिखाना | किसी के सामने नाचना। किसी के सामने उछलना कूदना। हाथ पैर हिलाना। विलक्षण आचरण करना। |
| नाच नचाना | जैसा चाहना वैसा काम करना। उ०-(क) कबिरा बैरी सबल है एक जीव रिपु पांच। अपने अपने स्वा को बहुत नचावैं नाच। कबीर। (ख) जो कछु कुब्जा के मन भावै सोई नाच नचावै। सूर। तंग करना। हैरान करना। उ०- जंह कंहु निसाचर पावहिं। धरि सकल बहु नाच नचावहिं। तुलसी। |
| नाच नाचना | भ्रमवश या दिखावे के लिए या व्यर्थ तरह तरह के काम करना। उ०- नाच नाच्यो नाच लच्छ चौरासी। सूर। |
| नाज उठाना | चोचला सहना। |
| नाज से पालना | बड़े लाड़ प्यार से पालना। |
| नाज़िल होना | नीचे आना। अवतरित होना। |
| नाठ पर बैठना | किसी लावारिस माल का अधिकारी होना। |
| नाड़ा उखड़ना | पेट की नाभी में कुछ विकार होना जिससे दस्त आने लगे। |

| | |
|---|---|
| नाड़ा छूट करना | पेशाब करना। |
| नाड़ा बांधना | किसी बच्छे उस्ताद या कारीगर का किसी को अपनी विद्या या कला सिखाने के लिए अपना शिष्य बनाना। |
| नाड़ा बैठाना | मालिश आदि प्रक्रियाओं आदि से उखड़ा हुआ नाड़ा फिर ठीक स्थान पर लाना। |
| नाड़ी चलना | कलाई की नाड़ी मे स्पन्दन या गति होना। |
| नाड़ी छूटना | नाड़ी का न चलना। प्राण न रह जाना। मृत्यु हो जाना। संज्ञा न रहना। मूर्च्छा आना। बेहोशी होना |
| नाड़ी दिखाना | रोग के निदान के लिए वैद्य से नाड़ी परीक्षा कराना। |
| नाड़ी देखना | नाड़ी की परीक्षा करके रोग का निदान करना। |
| नाड़ी धरना | नाड़ी की परीक्षा करके रोग का निदान करना। |
| नाड़ी धराना | नब्ज दिखाना। |
| नाड़ी न बोलना | नाड़ी न चलना। प्राण न रहना। मूर्च्छा आना। बेहोशी आना। |
| नाध नाधना | कोई बड़ा काम ठानना। |
| नानी मर जाना | होश ठिकाने हो जाना। प्राण सूख जाना। आपत्ति सी आ जाना। संकट या दु:ख सा पड़ जाना। |
| नानी याद आना | होश ठिकाने हो जाना। प्राण सूख जाना। आपत्ति सी आ जाना। संकट या दु:ख सा पड़ जाना। |
| नान्ह कातना | बहुत बारीक काम करना। कठिन या दुष्कर कार्य करना। उ०- अपजस जोग कि जानकी मनि चोरी कब कान्ह ? लोग रिफाइबो करिहि कातिबो नान्ह। तुलसी। |
| नाबदान मे मुंह मारना | घृणित कार्य करना। बुरा और घिनौना काम करना। |

| | |
|---|---|
| (किसी के)नाम | किसी के पक्ष में। किसी के पास। किसी के प्रति। सरकारी या अन्य प्रामाणिक कागज में किसी के नाम के सामने (दर्ज)। |
| नाम आसमान पर होना | प्रसिद्धि होना। |
| नाम उछलना | बदनामी होना। अपकीर्ति फैलना। निन्दा होना। |
| नाम उछालना | बदनामी करना। अपकीर्ति फैलाना। चारों ओर निन्दा कराना। |
| नाम उठ जाना | नाम न रह जाना। चिन्ह मिट जाना। चर्चा बन्द हो जाना। स्मरण भी न रह जाना। अस्तित्व न रह जाना। |
| नाम कमाना | प्रसिद्धि पाना। कीर्ति लाभ करना। मशहूर होना। ख्याति प्राप्त करना। |
| (किसी का)नाम करना | नाम रखना। पुकारने के लिए नाम निश्चित करना। दूसरे का नाम लगाना। दूसरे पर दोष लगाना। दूसरे के सिर दोष मढ़ना। |
| (किसी बात का)नाम करना | कोई बात पूरी तरह से करना, कहने भर के लिए थोड़ा सा करना। |
| नाम करना | कीर्ति लाभ करना। प्रख्यात होना। |
| नाम का | नामधारी। कहने सुनने भर को, उपयोग के लिए नहीं, काम के लिए नहीं। नाममात्र के लिए। |
| (किसी के)नाम का कुवा पालना | किसी से इतना बुरा मानना या घृणा करना कि उसका नाम लेना या सुनना भी नापसन्द करना। नाम से चिढ़ना। |
| (किसी के)नाम का कुवा पालना | किसी का अत्यधिक अपमान करना। किसी को अत्यन्त नीच समझना। |
| नाम के लिए | कहने सुनने भर के लिए। थोड़ा सा। अणु मात्र। उपयोग के लिए नहीं। काम के लिए नहीं। |
| नाम को | कहने भर को। ऐसा नहीं जिससे काम चल सके। |

| | |
|---|---|
| | बहुत थोड़ा। अत्यन्त अल्प। ख्याति के लिए नहीं। अपर्याप्त। |
| नाम को धब्बा लगाना | नाम को कलंकित करना। यश पर लांछन लगाना। बदनामी करना। |
| नाम को नहीं | जरा सा भी नहीं। अणु मात्र भी नहीं। कहने भर को भी नहीं। एक भी नहीं। |
| नाम को मरना | सुयश के लिए प्रयत्न करना। कीर्ति के लिए जी तोड़ परिश्रम करना। |
| नाम चढ़ना | किसी नामावली में नाम लिखा जाना। नाम दर्ज होना। |
| नाम चढ़ाना | किसी नामावली में लिखना। नामा दर्ज कराना। |
| नाम चमकना | चारों ओर अच्छा नाम होना। कीर्ति फैलना। यश फैलना। प्रसिद्ध होना। |
| नाम चलना | लोगों में नाम का स्मरण बना रहना। यश स्थिर रहना। यादगार बनी रहना। |
| नामचार को | नाममात्र को। नामोच्चार भर के लिए। नाम को। कहने भर को। पूरे तौर से मन से नहीं। बहुत थोड़ा किंचिन्मात्र। |
| नाम जगना | नाम चमकना। कीर्ति फैलना। ख्याति होना। |
| नाम जगाना | नाम की याद कराते रहना। स्मारक बनाये रखना ऐसा काम करना कि लोगों में स्मरण बना रहे। उज्जवल कीर्ति फैलाना। |
| नाम जपना | बार बार नाम लेना। बार बार नाम का उच्चारण करना। नाम रटना। भक्ति या प्रेम से ईश्वर या देवता का स्मरण करना। नाम स्मरण करना। |
| (किसी के)नाम डालना | खाते में यह लिखना कि अमुक व्यक्ति को इतना धन या माल दिया गया। (किसी के)नाम के सामने दर्ज करना। |

| | |
|---|---|
| नाम डुबाना | नाम को कलंकित करना।यश और कीर्ति का नाश करना।मान और प्रतिष्ठा खोना। |
| नाम डूबना | नाम कलंकित होना।यश और कीर्ति का नाश होना।नाम न चलना।कीर्ति का लुप्त होना।प्रतिष्ठा नष्ट होना। |
| नाम देना | नाम रखना।नामकरण करना।किसी देवता के नाम का मंत्र देना।सांप्रदायिक मंत्र का उपदेश देना। |
| (किसी का)नाम धरना | नाम रखना।नामकरण करना।बदनामी करना।बुरा कहना।दोष लगाना।अपनी चीज का दाम कहना। |
| (किसी को)नाम धरना | बदनाम करना।बुरा कहना।दोष लगाना।दोष निकालना।नुक्स निकालना।ऐब बताना। |
| नाम धराना | नामकरण कराना।बदनामी कराना।निन्दा कराना।उ०-(क) फिरत धरावत मेरो नामा। मातु न देति होयगी धामा। (ख) डारि दियो गुरु लोगना को डर,गांव चवाव मैं नाम धरायो। । मतिराम । |
| नाम न लेना | अरुचि,घृणा,भय आदि के कारण चर्चा तक न करना।दूर रहना।बचना।विचार तक न करना।स्मरण तक न करना। |
| (तो मेरा)नाम नहीं | तो मुझे गया-गुजरा समझना। |
| नाम निकल जाना | ~~किसी (भली या बुरी)बात के लिए प्रसिद्ध हो~~ जाना।किसी विषय मे ख्याति हो जाना।किसी बात के लिए मशहूर या बदनाम हो जाना। |
| नाम निकलना | किसी बात के लिए नाम प्रसिद्ध होना।नाम का कहीं प्रकट या प्रकाशित होना। |
| नाम निकलवाना | बदनामी कराना।नाम मे कलंक लगवाना।मंत्र,तंत्र आदि द्वारा चोर का नाम प्रकट करना।किसी नामावली मे से नाम कटवाना।किसी विषय से किसी को अलग करवाना। |

| | |
|---|---|
| नाम निकालना | (भली या बुरी)बात के लिए नाम प्रसिद्ध करना। यश फैलाना। बदनामी करना। मंत्र,तंत्र आदि के द्वारा चोर का नाम प्रकट कराना। किसी नामावली से नाम कटवाना। किसी विषय से अलग कराना। |
| (किसी के)नाम पड़ना | नाम रक्खा जाना। नामकरण होना। नाम निश्चित होना। किसी के नाम के आगे लिखा जाना। ~~या लिखा रहना।~~ जिम्मेदार रक्खा जाना। |
| (किसी के)नाम पर | किसी के निमित्त। किसी की स्मृति में। किसी के भरोसे। किसी को अर्पित करके। |
| (किसी के)नाम पर जूता लगाना | किसी को अत्यन्त तुच्छ समझना। |
| नाम पर धब्बा लगाना | नाम को कलंकित करना। यश पर लांछन लगाना। बदनामी करना। |
| (किसी के)नाम पर बैठना | किसी के भरोसे सन्तोष करके निश्चिंत स्थिर रहना। किसी ~~के ऊपर यह विश्वास धैर्य धारण करना या~~ उद्योग छोड़ देना कि जो कुछ उसे करना होगा करेगा। किसी के आसरे में या किसी के ख्याल से कोई ऐसा काम न करना जिसका करना स्वाभावि या आवश्यक हो। |
| (किसी के)नाम पर मरना | किसी के प्रेम में लीन होना। किसी के प्रेममें खपना। प्रेम के आवेश में अपने हानि लाभ या कष्ट की ओर कुछ भी ध्यान न देना। ख्याति या मर्यादा के लिए मरना। |
| (किसी के)नाम पर मिटना | किसी के प्रेम में लीन होना। किसी के प्रेम में खपना। प्रेम के आवेश में अपने हानि,लाभ या कष्ट की ओर कुछ भी ध्यान न देना। ख्याति या मर्यादा के लिए मरना। |
| नाम पाना | प्रसिद्धि प्राप्त करना। मशहूर होना। |
| नाम पुकारना | ध्यान आकर्षित करने या बुलाने के लिए किसी का नाम लेकर चिल्लाना। |

नाम पैदा करना — ख्याति प्राप्त करना।

नाम बद करना — बदनामी करना। कलंक लगाना। दोष लगाना।

नाम बद होना — किसी बुरी बात के लिए किसी का नाम प्रसिद्ध हो जाना। नाम निकल जाना।

नाम बदनाम करना — कलंक लगाना। ऐब लगाना। बदनामी करना।

नाम बाकी रहना — मरने या कहीं चले जाने पर कीर्ति का बना रहना। लोगों में स्मरण बना रहना। केवल नाम ही नाम रह जाना और कुछ न रहना। पुरानी बातों के कारण प्रसिद्धि मात्र रह जाना, पर उन बातों का न रहना।

नाम बिकना — प्रसिद्धि के कारण लोक में अत्यधिक सम्मान होना। नाम प्रसिद्ध हो जाने के कारण किसी की वस्तु का आदर होना। इतनी ख्याति होना कि नाम सुनने भर से लोगों के हृदय में आदर का भाव जाग उठे। कोई बुरा काम करके बदनामी कराना। बदनामी करना। कलंक लगाना।

नाम मात्र — नाम लेने भर को। बहुत थोड़ा। अत्यन्त अल्प।

नाम मिट जाना — अस्तित्व न रह जाना। स्मरण भी न रह जाना।

नाम मिटना — नाम जाता रहना। नाम न रहना। स्मारक या कीर्ति का लोप होना। नाम तक शेष न रहना। कोई चिन्ह न रह जाना।

नाम में धब्बा लगाना — कीर्ति को मिटानेवाला काम करना।

नाम या निशान — ऐसा चिन्ह या लक्षण जिससे किसी वस्तु के होने का प्रमाण मिल सके। पता। खोज।

नाम रखना — नाम निश्चित करना। नामकरण करना। कीर्ति सुरक्षित रखना। अच्छा या बड़ा काम करके यश को स्थिर रखना। नाम डूबने न देना। बदनामी करना। निन्दा करना। बुरा कहना। दोष लगाना। दोष निकालना। ऐब बताना।

प्रतिष्ठा की रक्षा करना।

| | |
|---|---|
| नाम रह जाना | लोगों में स्मरण बना रहना। कीर्ति की चर्चा रहना। यश बना रहना। |
| नाम लगना | दोषी ठहराया जाना। दोष लगना। कलंक मढ़ा जाना। |
| नाम लगाना | किसी दोष या अपराध के सम्बन्ध में नाम लेना। दोष मढ़ना। अपराध लगाना। कलंक लगाना। |
| नाम लिखना | किसी कार्य या विषय में सम्मिलित करने के लिए रजिस्टर, बही आदि में नाम लिखना। किसी मंडली संस्था, कार्यालय आदि में सम्मिलित करना। किसी के नाम के आगे लिखना। किसी के जिम्मे लिखना। भरती करना। |
| नाम लिखाना | किसी विषय या कार्य में सम्मिलित होने के लिए रजिस्टर, बही आदि में नाम लिखाना। किसी मंडली, संस्था, कार्यालय आदि में सम्मिलित होना। भरती होना। |
| (किसी का) नाम लेकर | किसी के नाम के प्रभाव से। (किसी देवता या पूज्य पुरुष का) स्मरण करके। |
| नाम लेना | नाम का उच्चारण करना। नाम कहना। फल प्राप्ति के लिए या भक्ति वश ईश्वर या देवता के नाम का बार बार उच्चारण करना। नाम जपना। नाम स्मरण करना। गुणों का वर्णन करना। गुण गाना। प्रशंसा करना। यश बखानना। कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करना। चर्चा करना। जिक्र करना। बदनाम करना। दोष लगाना |
| (किसी के) नाम से | शब्द द्वारा निर्दिष्ट होकर या करके। |
| (किसी के) नाम से | चर्चा से। जिक्र से। (किसी का) सम्बन्ध बताकर। नाम लेकर। यह प्रकट करके कि कोई बात किसी की ओर से है। (किसी की) जिम्मेदारी बताकर। (किसी को) हकदार या मालिक बनाकर। (किसी की) उपयोग या भोग के लिए। नाम के प्रभाव से। नाम लेकर। ध्यान आकर्षित करके। ~~नाम लेते ही। नाम का उच्चारण होते ही।~~ |
| नाम से कांपना | नाम सुनते ही डर जाना। बहुत भय मानना। |

| | |
|---|---|
| नाम से पुजना | नाम प्रसिद्ध होने के कारण आदर पाना। |
| नाम से बिकना | नाम प्रसिद्ध हो जाने से आदर पाना। |
| नाम ही नाम रह जाना | पुरानी बातों के कारण उन लोगों में प्रसिद्ध मात्र रह जाना, पर उन बातों का न रहना। |
| नाम होना | नाम लगना। दोष मढ़ा जाना। कलंक लगना। नाम प्रसिद्ध होना। नाम लिया जाना। |
| नामो निशान बाकी न रहना | एकदम अभाव होना। बिलकुल न होना। |
| नामो निशान मिट जाना | पता न रह जाना। एकदम नाश हो जाना। |
| नार नवाना | लज्जा, चिन्ता, संकोच मान आदि के कारण सिर नीचा करना। दृष्टि नीची करना। लज्जित होने, चिन्ता करने या रूठने का भाव प्रकट करना। उ०- समुझि निज अपराध करनी नार नावति नीचि। बहुत दिन तें बरति है कै आंखि दीजै सींचि। सूर । |
| नार नीची करना | लज्जा, चिन्ता, संकोच, मान आदि के कारण सिर नीचा करना। दृष्टि नीची करना। लज्जित होने, चिन्ता करने या रूठने का भाव प्रकट करना। उ०- मान मनायो राधा प्यारी। ---- कत ह्वै रही नार नीची करि देखत लोचन फूले। सूर । |
| नारियल तोड़ना | मुसलमानों की एक रीति जो गर्भ रहने पर की जाती है। नारियल तोड़कर उससे लड़का या लड़की पैदा होने का शकुन निकालते हैं। |
| नाल काटना | बच्चा उत्पन्न होने पर नाल काटकर उसे माता के शरीर से अलग करना। |
| (क्या किसी का) नाल काटा है ? | क्या किसी की बड़ी बूढ़ी है । |
| (कहीं पर) नाल गड़ा होना | किसी स्थान का जन्म भूमि की भांति प्रिय होना। किसी स्थान पर स्वत्व होना। |
| नाल छीनना | नाल काटना। |
| नालिश दागना | नालिश करना। |

| | |
|---|---|
| नाली के डंड | वह डंड जो नाली में से बदन निकालकर किया जाय। |
| (सूखे में)नाव चलाना | असम्भव कार्य करने चलना। |
| नाव में धूल उड़ाना | बिना सिर पैर की बात कहना। सरासर झूठ कहना। झूठा अपराध लगाना। व्यर्थ कलंक लगाना। |
| नासूर डालना | नासूर पैदा करना। घाव करना। |
| नासूर भरना | नासूर का घाव अच्छा हो जाना। |
| निकल चलना | विधि से बाहर काम करना। इतराना। अति करना। |
| निकल जाना | चला जाना। आगे बढ़ जाना। न रह जाना। खो जाना। नष्ट हो जाना। ले लिया जाना। घट जाना। कम हो जाना। न पकड़ा जाना। भाग जाना। (स्त्री का) किसी पुरुष के साथ अनुचित सम्बन्ध करके घर छोड़कर चला जाना। |
| (स्त्री का)निकाल लाना | स्त्री से अनुचित सम्बन्ध करके उसे उसके घर से अपने यहां लाना। |
| (स्त्री को)निक ाल ले जाना | स्त्री से अनुचित सम्बन्ध करके उसे उसके घर से लेकर कहीं चला जाना। |
| निकाह पढ़ना | विवाह करना। |
| निकाह पढ़ाना | विवाह कराना। |
| निगाह रखना | देख रेख रखना। रखवाली करना। |
| निघरघट देना | लज्जित किये जाने पर सफाई देने के लिए बातें बनाना। बेहयाई से झूठी सफाई देना। उ०- दुरे न निघरघटो दिये ये रावरी कुचाल। विष सी लागति है बुरी हंसी खिसी की लाल। बिहारी। |
| निचला बैठना | स्थिर होकर बैठना। शान्तभाव से बैठना। चंचलता न करना। शिष्टतापूर्वक बैठना। |
| निठुक्के में | एकान्त में। |
| निछावर करना | उत्सर्ग करना। छोड़ देना। त्यागना। दे डालना। समर्पण करना। |

| | |
|---|---|
| निछावर होना | समर्पित किया जाना। त्याग दिया जाना। |
| (किसी का) किसी पर। निछावर होना | किसी के निमित्त प्राण छोड़ देना। किसी के लिए जान देना। |
| निज करके | बीस बिस्वे। निश्चय, अवश्य, जरूर। |
| निज का | खास अपना। अपने शरीर या जन कुटुम्ब से सम्बन्ध रखनेवाला। |
| निठौर पड़ना | विषम स्थिति में पड़ना। बुरी दशा में पड़ना। उ०- बहुरि बन बोलन लागे मोर। --- जिनको पिय परदेस सिधारो सो तिय परी निठौर। सूर । |
| नित्य निबाहना | नित्य कर्म करना। उ०- नित्य निबाहि गुरुहिं सिर नाये। रामा० । |
| निन्नानवे के फेर में पड़ना | रुपया बढ़ाने की धुन में होना। धन बढ़ाने की चिन्ता में पड़ना। |
| नियम का पालना | नियम के अनुकूल व्यवहार। कायदे की पाबन्दी। |
| नियम का भंग | नियम के प्रतिकूल आचरण। |
| नियाज़ हासिल करना | (बड़े से) मिलना, दर्शन या परिचय होना। |
| निवेद लगाना | देवार्पित करना। |
| (किसी बात का) निशान उठाना | किसी आन्दोलन का नेतृत्व करना। |
| निशान का हाथी | सेना या जलूस में वह हाथी जिस पर झंडा व डंका रहता है। |
| (किसी बात का) निशान खड़ा करना | किसी काम में अगुआ या नेता बनकर लोगों को अपना अनुयायी बनाना। किसी आन्दोलन का नेतृत्व करना। |
| निशान गाड़ना | झंडा गाड़ना। |
| निशान देना | पता बताना। सम्मन आदि तामील कराने के लिए पहचान कराना। |
| निशाना करना | अस्त्र आदि के वार करने के लिए किसी को लक्ष्य करना। |

| | |
|---|---|
| निशाना खाली जाना | निशाना या वार ठीक न बैठना। अस्त्र का लक्ष्य पर न पहुंचना। आक्रमण व्यर्थ हो जाना। |
| निशाना बनाना | अस्त्र आदि के वार करने के लिए किसी को लक्ष्य बनाना। |
| निशाना बांधना | अस्त्र आदि को इस प्रकार साधना कि वह चलाने पर ठीक लक्ष्य पर वार करे। |
| निशाना मारना | ताक कर अस्त्र शस्त्र का वार करना। |
| निशाना लगाना | ताक कर अस्त्र शस्त्र क T वार करना। |
| निशाना साधना | निशाना बांधना। निशाना लगाने का अभ्यास करन |
| निशाना होना | निशाना बनना। लक्ष्य होना। |
| निसबत देना | तलना करना। मसकाबला करना। |
| निसा भर | जी भर। कै। खूब अच्छी तरह। उ०- आज निसा भरि प्यारे निसा भरि कीजिये कान्हर केलि खुसी में। । ठक्कुर । |
| नींद उचटना | नींद का दूर होना। |
| नींद उचाटना | नींद दूर करना। सोने में बाधा डालना। |
| नींद उचाट होना | नींद का खुलने पर फिर न आना। सोने में बाधा पड़ना। |
| नींद क T दुखिया | बहुत सोनेवाला। सदा सोने का इच्छुक रहनेवाला। |
| नींद का माता | नींद से व्याकुल। नींद से गिर गिर पड़नेवाला। |
| नींद खराब करना | सोने का हर्ज करना। सोने में बाधा डालना। |
| नींद खुलना | आंख खुलना। नींद टूटना। |
| नींद खोना | सोने का हर्ज करना। निद्रा की दशा न रहना। |
| नींद गंवाना | सोने का हर्ज करना। निद्रा की दशा न रहना। |
| नींद टूटना | नींद का छूट जाना। जग पड़ना। |

| | |
|---|---|
| नींद पड़ना | नींद आना। निद्रा की अवस्था होना। उ०- नींद न परै रैन जो आई। जायसी। |
| नींद भरना | नींद पूरी करना। सोना। |
| नींद भर सोना | जितनी इच्छा हो उतना सोना। इच्छा भर सोना। उ०- डासत ही सब बीति निसा गई कबहुं न नाथ नींद भर सोयो। तुलसी। |
| नींद मारना | सोना। |
| नींद लेना | सोना। उ०-(क) नींद न लीन्ह रैन सब जागा। होत बिहान आय गढ़ लागा। जायसी। (ख) जब तै प्रीत श्याम सों कीन्हा। ता दिन तै नैननि नेकहु नींद न लीन्हा। सूर। |
| नींद संचरना | नींद आना। उ०- द्वादशि मैं जो पारण करहीं और शयन जो नींद संचरहीं। सबलसिंह। |
| नींद हराम करना | सोना छुड़ा देना। सोने न देना। |
| नींद हराम होना | सोना छूट जाना। सोने की नौबत न आना। |
| नींद हिराना | नींद न आना। |
| नीक लगना | अच्छा लगना। प्रिय लगना। रूचना। फबना। सुहाना। |
| नीका लगना | अच्छा लगना। प्रिय लगना। रूचना। फबना। सुहाना। |
| नीचा खाना | तुच्छ बनना। अपमानित होना। हेठा बनना। हारना। परास्त होना। लज्जित होना। झेंपना। पराजित होना। |
| नीचा दिखाना | तुच्छ बनाना। हेठा करना। अपमानित करना। मान भंग करना। दर्प चूर्ण करना। शेखी झाड़ना। परास्त करना। हराना। झेंपाना। लज्जित करना। |
| नीचा देखना | तुच्छ बनना। अपमानित होना। हेठा बनना। हारना परास्त होना। लज्जित होना। झेंपना। |
| नीची दृष्टि करना | सिर झुकाना। सामने न ताकना। |

| | |
|---|---|
| नीचस दृष्टि से देखना | तुच्छ या छोटा समझना। मान या प्रतिष्ठा न करना। आदर न करना। |
| नीचे ऊपर | एक पर एक। तले ऊपर। उलट पलट। क्रम भंग। अव्यवस्थित। |
| नीची निगाह से देखना | घृणित या तुच्छ समझना। छोटा समझना। |
| नीचे गिरना | प्रतिष्ठा खोना। मान मर्यादा गंवाना। पतन होना अवनत दशा को प्राप्त होना। कुश्ती में पटका जाना। पछाड़ा जाना। पतित होना। |
| नीचे गिराना | पतित बनाना। मान मर्यादा दूर करना। कुश्ती में पटकना, पछाड़ना। |
| नीचे डालना | फेंकना। गिराना। किसी बात में पराजित करना। |
| नीचे लाना | गिराना। कुश्ती में पछाड़ना। |
| नीचे से ऊपर तक | सिर से पांव तक। सभी अंगों या भागों में। एक सिरे से दूसरे सिरे तक। |
| नीठि नीठि करके | ज्यों त्यों करके। बहुत इधर उधर करके। किसी न किसी प्रकार। उ०- नीठि नीठि करि चित्र मन्दिर लौं आई बल चहूं ओर चाहि कछु चेति कै मजे लगी। बेनी । कठिनता से । मुश्किल से। उ०- छुटि लट लटकति कट तट लौं चितवति नीठि नीठि करि ठाढ़ी। केशव। |
| नीबू नीचोड़ | थोड़ा सा कुछ देकर बहुत सी चीज में साझा करनेवाला। थोड़ा सा सम्बन्ध जोड़कर बहुत कुछ लाभ उठानेवाला। |
| नीम की टहनी हिलानेवाला | गर्मी की बीमारी लेकर बैठना। उपदंश या फिरंग रोग से ग्रस्त होना। |
| नीम हकीम खतरे जान | अधकचरे वैद्य की दवा करने में जान जाने का डर रहती है। |
| नीयत डिगना | अच्छा या उचित संकल्प दृढ़ न रहना। मन में विकार उत्पन्न होना। बुरा संकल्प होना। |
| नीयत बद होना | विचार दूषित होना। बुरी इच्छा या संकल्प होना। अनुचित या बुरी बात की ओर प्रवृति होना। बेईमानी सूझना। |

| | |
|---|---|
| नीयत बदल जाना | संकल्प या विचार और का और होना। इरादा दूसरा हो जाना। बुरा विचार होना। अनुचित या बुरी बात की ओर प्रवृत्ति होना। |
| नीयत बांधना | संकल्प करना। मन मै ठानना। इरादा करना। |
| नीयत बिगड़ना | विचार दूषित होना। बुरी इच्छा या संकल्प होना। अनुचित या बुरी बात की ओर प्रवृत्ति होना। बेईमानी सूफना। |
| नीयत बुरी होना | विचार दूषित होना। मन मै बुरी बात पैदा होना। मन मै बेईमानी की बात आना। |
| नीयत मरना | जी भरना। मन तृप्त होना। इच्छा पूरी होना। |
| नीयत मै फरक आना | बुरा विचार या संकल्प होना। अनुचित या बुरी बात की प्रवृत्ति होना। बेईमानी या बुराई सूफना। |
| नीयत नंगी रहना | ध्यान बना रहना। इच्छा बनी रहना। जी ललचाया करना। |
| नीर ढलना | मरते समय आंख से आंसू बहना। |
| नील का टीका लगाना | कलंक लगाना। बदनामी उठाना। |
| नील की सलाई फिरवा देना | आंखे फुड़वा डालना। अंधा कर देना। |
| नील डालना | इतनी मार मारना कि शरीर पर नीले दाग पड़ जायं। गहरी मार मारना। |
| नीला करना | इतना मारना कि शरीर पर नीले दाग पड़ जा अत्याधिक मारना। |
| नीला पड़ना | मार के दाग पड़ना। |
| नीला पीला होना | क्रोध दिखाना। क्रुद्ध होना। बिगड़ना। |
| नीले हाथ पांव हो | ठंढ हो जाय। मर जाय। |
| नीलाम पर चढ़ना | बोली बोलकर बेचा जाना। नीलाम किया जान |
| नीलाम पर चढ़ाना | नीलाम करना। |
| नींव का पत्थर | वह पत्थर जो मकान बनाने के आरम्भ मै पेहले पहले नींव मै रक्खा जाता है। |

| | |
|---|---|
| नींव जमाना | जड़ मजबूत करना।आधार दृढ़ करना। स्थिर करना। स्थापित करना।गर्भ स्थित करना।पेट रखना। |
| नींव डालना | दीवार उठाने के लिए नींव तैयार करना।आधार खड़ा करना।जड़ जमाना।सूत्रपात करना।बुनियाद डालना। कोई काम आरम्भ करना। |
| नींव देना | दीवार उठाने के लिए नींव तैयार करना।आधार खड़ा करना।जड़ जमाना।सूत्रपात करना।बुनियाद डालना। कोई काम आरम्भ करना। उपक्रम करना।उ०- बाकी खां सौ उठि छ्ता दई की नींव। लाल । |
| नींव पड़ना | घर की दीवार का आधार खड़ा करना (होना)।घर बनाने का लग्गा लगाना।उ०- औक की नींव परी हरि-लोक विलोकत गंग तिरंग तिहारे।जड़ जमना। |
| नींव भरना | दीवार के लिए खुदे हुए गड्ढे में कंकड़,पत्थर आदि पाटना। |
| नुक़सान उठाना | हानि सहना।पल्ले का खोना।क्षतिग्रस्त होना। |
| नुक़सान करना | दोष उत्पन्न करना।अस्वस्थ करना। स्वास्थ्य के प्रतिकूल होना। |
| नुक़सान पहुंचना | हानि होना। |
| नुक़सान पहुंचाना | हानि करना।क्षतिग्रस्त करना। |
| नुक़सान भरना | हानि की पूर्ति करना।घाटा पूरा करना। |
| नुक्का मारना | गेड़ी मारना।गेड़ी के खेल में लकड़ी मारना।कील ठोक बाधा पहुंचाना।कष्ट पहुंचाना। |
| नुक्का लगाना | बाधा पहुंचाना।कष्ट पहुंचाना। |
| नुत्फ़ा ठहरना | गर्भाधान होना। |
| नुसखा बांधना | हकीम या वैद्य के लिखे अनुसार दवायें ब देना।पंसारी या अत्तार का काम करना। |
| नुसखा लिखना | दवा लिखना। |

| | |
|---|---|
| नून तेल | गृहस्थी का सामान। |
| नूर का तड़का | बहुत सबेरा। प्रातःकाल। |
| नूर बरसना | प्रभा का अधिकता से प्रकट होना। |
| नेकी और पूछ पूछ | किसी का उपकार करने में उससे पूछने की क्या आवश्यकता है ? |
| नेक करना | शुभ मुहुर्त में आरम्भ करना। साइत करना। |
| नेक लगना | पुरस्कार देना आवश्यक होना। रीति के अनुसार कुछ देना जरूरी होना। हीले लगना। काम में आ जाना। सार्थक होना। सफल होना। सम्बन्ध या सम्पर्क होना। किसी में लीन होना। |
| नैटा बहना | गंदा और मैला कुचैला रहना। |
| नोक की लेना | बढ़ बढ़कर बातें करना। |
| नोक दुम भागना | बड़े ज़ोर से भागना। बेतहाशा भागना। |
| नोक बनाना | बनाव सिंगार करना। |
| नोक रह जाना | मान मर्यादा की रक्षा होना। इज्जत बच जाना। |
| नोक पलक से ठीक | चारों ओर से सुडौल। नख से शिख तक सुन्दर। |
| नौ तेरह बाईस बताना | टाल मटूल करना। |
| नौ दो ग्यारह होना | चल देना। चम्पत होना। भाग जाना। |
| नौकरी पर बहाल करना | जिस जगह पर नौकर था उसी जगह पर फिर नियुक्त करना। |
| नौकरी बजाना | सेवा में तत्पर होना। |
| नौकरी से लगना | नौकर होना। काम पाना। नौकरी पाना। |
| नौबत की टकोर | धौंसे की आवाज। |
| नौबत को पहुंचना | दशा को प्राप्त होना। हालत में होना। |
| नौबत गुजरना | मौका जाता रहना। |

नौबत झड़ना — नौबत बजना।

नौबत बजना — आनन्द उत्सव होना। प्रताप या ऐश्वर्य की घोषणा होना।

नौबत बजाकर — डंके की चोट। खुले आम। गा-बजाकर।

नौबत बजाना — आनन्द उत्सव करना। खुशी मनाना। प्रताप या ऐश्वर्य की घोषणा करना। दबदबा दिखाना। आतंक प्रकट करना।

न्याव चुकाना — झगड़ा मिटाना। निर्णय करना। फैसला करना।

न्याय का डंका बजाना = ऐसा न्याय करना जिसकी सब प्रशंसा करें।